## UPPSC Upper 2014 Paper-I (Prelims)

## [Series-C :: Code - TDQ-01]

1. 2013 की मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत में बहुआयामी गरीबी से ग्रसित लोगों का प्रतिशत था:
   (a) 63.4% (b) 53.7%
   (c) 44.1% (d) 42.7%

2. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बिमल जालान पैनल गठित किया गया था
   (a) अनर्जक (नॉन-परफार्मिंग) परिसम्पत्तियों को कम करने हेतु सुझाव देने के लिए।
   (b) नए बैंकों को लाइसेन्स देने हेतु आवेदन पत्रों के सूक्ष्म परीक्षण के लिए।
   (c) वित्तीय समावेशन के दिशा-निर्देश बनाने के लिए।
   (d) बैंकिंग सेवायें पहुँचाने के लिए मोबाइल प्रयोग के अध्ययन हेतु।

3. 'विश्व विकास प्रतिवेदन, 2010' की विषयवस्तु थी:
   (a) निर्धनता एवं भावी पीढ़ी
   (b) राष्ट्रों का वास्तविक धन : मानव विकास के रास्ते
   (c) ग्रामीण निर्धनता का भार
   (d) विकास एवं भावी पीढ़ी

4. निम्नलिखित मंत्रालयों में से 'नालंदा परियोजना' किसका कार्यक्रम है?
   (a) संस्कृति मंत्रालय
   (b) मानव संसाधन विकास मंत्रालय
   (c) अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय
   (d) विदेशी मामलों का मंत्रालय

5. 'हरा सूचकांक' विकसित किया गया है
   (a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा
   (b) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा
   (c) विश्व बैंक द्वारा
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. विश्व व्यापार संगठन के अध्यक्ष पास्कल लेमी का स्थान लिया है
   (a) क्रिस्टीन लेगार्डे ने (b) जिम यंग किम ने
   (c) रॉबर्टो अजेवेडो ने (d) ताकेहिको नकाओ ने

7. निम्नलिखित में से किस एक अधिनियम द्वारा भारत में संघीय न्यायालय की स्थापना की गयी थी?
   (a) भारतीय परिषद अधिनियम, 1861
   (b) भारत सरकार अधिनियम, 1909
   (c) भारत सरकार अधिनियम, 1919
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. फरवरी, 2014 में भारत-पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का आयोजन किया गया:
   (a) फरीदाबाद में (b) जालंधर में
   (c) नई दिल्ली में (d) नोएडा में

9. बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि, वानिकी एवं मत्स्यपालन की वृद्धि दर अनुमानित है:
   (a) 3.5% (b) 4.0%
   (c) 5.0% (d) 5.5%

10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. खाद्य उत्पादन में वृद्धि | 1. हरित क्रान्ति |
| B. दुग्ध उत्पादन | 2. नील क्रान्ति |
| C. मत्स्यपालन | 3. श्वेत क्रान्ति |
| D. उर्वरक | 4. भूरी क्रान्ति |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

11. ट्राइसेम एक कार्यक्रम है
    (a) ग्रामीण विकास का (b) औद्योगिक विकास का
    (c) शहरी विकास का (d) सुरक्षात्मक तैयारियों का

12. निम्नलिखित में से किस राज्य में 'बहिनी दरबार' समाचार-पत्र महिलाओं द्वारा और महिलाओं के लिए प्रकाशित होता है?
    (a) पश्चिम बंगाल (b) झारखण्ड
    (c) महाराष्ट्र (d) मध्य प्रदेश

13. सरकार के अनुमानों के अनुसार 12वीं पंचवर्षीय योजना में आधारभूत संरचना के लिए आवश्यक निवेश का आकार होगा:
    (a) 100 बिलियन (b) 250 बिलियन
    (c) 500 बिलियन (d) 1000 बिलियन

14. सितम्बर, 2012 में विश्व बैंक के प्रमुख अर्थशास्त्री के रूप में नियुक्त होने वाले प्रथम भारतीय हैं
    (a) अमर्त्य सेन (b) जगदीश भगवती
    (c) कौशिक बसु (d) विजय केलकर

Drishti IAS

15. निम्नलिखित राज्यों में से किस एक को ग्रामीण पर्यटन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सर्वोत्तम राज्य घोषित किया गया है?
(a) सिक्किम (b) केरल
(c) गोआ (d) असम

16. योजना आयोग के अनुमानों के अनुसार वर्ष 2011–12 में निर्धनता रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले गरीब लोगों की सबसे अधिक संख्या किस राज्य में थी?
(a) मध्य प्रदेश में (b) बिहार में
(c) उत्तर प्रदेश में (d) महाराष्ट्र में

17. निम्न में से कौन भारत में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर निर्धनता के अनुमानों के लिए केन्द्रक अभिकरण (नोडल एजेन्सी) है?
(a) वित्त आयोग (b) ग्रामीण मंत्रालय
(c) गृह मंत्रालय (d) योजना आयोग

18. निम्नलिखित में से कौन सा एक खनिज उत्तर प्रदेश में नहीं पाया जाता है?
(a) चूना पत्थर (b) अभ्रक
(c) बॉक्साइट (d) जिप्सम

19. उत्तर प्रदेश में 2011–12 में राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान था, लगभग
(a) 14.5% (b) 24.5%
(c) 34.5% (d) 44.5%

20. ग्रामीण अवस्थापना विकास कोष का सृजन किसके अधीन किया गया है?
(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (b) नाबार्ड
(c) कृषि मंत्रालय (d) ग्रामीण विकास मंत्रालय

21. वर्ष 2011–12 में दुग्ध का सर्वाधिक उत्पादन निम्नलिखित में से किस राज्य में हुआ?
(a) उत्तर प्रदेश में (b) राजस्थान में
(c) गुजरात में (d) पंजाब में

22. 'विज़न 2020 फॉर इंडिया' दस्तावेज सम्बन्धित है:
(a) कृषि विकास से (b) औद्योगिक विकास से
(c) आर्थिक विकास से (d) गरीबी उन्मूलन से

23. 'निर्धनता का दुश्चक्र- की अवधारणा सम्बन्धित है
(a) कार्ल मार्क्स से (b) नर्क्से से
(c) एडम स्मिथ से (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. सर्व शिक्षा अभियान | 1. 1987 |
| B. साक्षर भारत | 2. 1988 |
| C. ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड | 3. 2001 |
| D. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन | 4. 2009 |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

25. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है?
(a) बखिरा वन्यजीव अभयारण्य : उन्नाव
(b) ओखला वन्यजीव अभयारण्य : ललितपुर
(c) साँडी वन्यजीव अभयारण्य : हरदोई
(d) महावीर स्वामी वन्यजीव अभयारण्य : बस्ती

26. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
(a) सुनहरे लंगूर : विलुप्तप्राय
(b) मरुस्थलीय बिल्ली : विलुप्तप्राय
(c) हूलॉक गिब्बन : विलुप्तप्राय
(d) एशियाई जंगली कुत्ते : असुरक्षित

27. निम्नलिखित में से कौन एक किसी प्रजाति के विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं है?
(a) व्यापक निच (कर्मता)
(b) बड़े आकार वाला शरीर
(c) संकुचित निच (कर्मता)
(d) आनुवंशिक भिन्नता की कमी

28. भारत सरकार द्वारा घोषित 'ए बी सी सूचकांक' का सम्बंध है:
(a) कृषि से (b) संचार से
(c) स्वास्थ्य से (d) शिक्षा से

29. एजेन्डा-21 में कितने समझौते हैं?
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

30. भारत में जैव-विविधता की दृष्टि से धनी स्थान हैं
(a) पश्चिमी घाट (b) पूर्वी घाट
(c) थार रेगिस्तान (d) बंगाल की खाड़ी

31. पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के लिए वनान्तर्गत क्षेत्रफल होना चाहिए
(a) 10% (b) 23%
(c) 33% (d) 53%

Drishti IAS

32. वायुदाब सबसे कम होता है
   (a) शीत ऋतु में (b) वसन्त ऋतु में
   (c) शरद् ऋतु में (d) ग्रीष्म ऋतु में
33. उत्तर प्रदेश में शस्य-जलवायु क्षेत्रों की संख्या है
   (a) 5 (b) 7
   (c) 9 (d) 11
34. विश्व ओज़ोन दिवस मनाया जाता है
   (a) 16 सितम्बर को (b) 21 अप्रैल को
   (c) 25 दिसम्बर को (d) 30 जनवरी को
35. 'ग्रीन मफ्लर' सम्बन्धित है
   (a) मृदा प्रदूषण से (b) वायु प्रदूषण से
   (c) ध्वनि प्रदूषण से (d) जल प्रदूषण से
36. निम्नलिखित में से कौन एक विश्व का विशालतम पारिस्थितिकी तंत्र है?
   (a) समुद्र (b) घास के मैदान
   (c) वन (d) पर्वत
37. मीथेन गैस उत्पादन करने वाला क्षेत्र है:
   (a) गेहूँ का खेत (b) धान का खेत
   (c) कपास का खेत (d) मूँगफली का खेत
38. 'नीरी' (NEERI) स्थित है
   (a) नागपुर में (b) मुम्बई में
   (c) चेन्नई में (d) बंगलुरू में
39. बायोटेक्नॉलोजी पार्क अवस्थित है:
   (a) लखनऊ में (b) वाराणसी में
   (c) आगरा में (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
40. निम्नलिखित वर्षों में से कब पर्यावरण संरक्षण अधिनियम पारित हुआ था?
   (a) 1982 (b) 1986
   (c) 1990 (d) 1994
41. भारत में अवस्थापित होने वाला पहला राष्ट्रीय उद्यान है:
   (a) नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान (b) कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान
   (c) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान (d) गुइनडी राष्ट्रीय उद्यान
42. निम्नलिखित में से कौन एक द्वितीयक प्रदूषक नहीं है?
   (a) पी ए एन (b) स्मॉग
   (c) सल्फर डाइ-ऑक्साइड (d) ओज़ोन
43. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित <u>नहीं</u> है?
   (a) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान : हाथी
   (b) पेरियार राष्ट्रीय उद्यान : हंगुल
   (c) मानस राष्ट्रीय उद्यान : हाथी
   (d) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान : टाइगर
44. सूर्य से आने वाला हानिकारक पराबैंगनी विकिरण कारण हो सकता है
   (a) यकृत कैंसर का (b) मस्तिष्क कैंसर का
   (c) मुखीय कैंसर का (d) त्वचीय कैंसर का
45. स्लीप एप्निया एक भयंकर निद्रादोष है, जिसमें लोग
   (a) निद्रा में चलते हैं बिना इस ज्ञान के कि वे क्या कर रहे हैं।
   (b) निद्रा में आँखें आधी खुली होती हैं।
   (c) निद्रा में बार-बार थोड़ी-थोड़ी देर के लिए श्वास बाधित होता रहता है।
   (d) निद्रा में तीव्र गति से खर्राटे लेते हैं।
46. ओज़ोन बायोस्फीयर को बचाती है:
   (a) इन्फ्रा-रेड किरणों से
   (b) अल्ट्रा-वायलेट किरणों से
   (c) एक्स-किरणों से
   (d) गामा-किरणों से
47. जैव विघटित प्रदूषक है:
   (a) पारा (b) वाहित मल
   (c) प्लास्टिक (d) एस्बेस्टॉस
48. अस्पताल के निम्नलिखित में से किस विभाग में 'कैथ लैब' होगी?
   (a) पैथॉलोजी विभाग में
   (b) शल्य चिकित्सा विभाग में
   (c) कॉर्डियोलॉजी विभाग में
   (d) न्युक्लियर मेडिसिन विभाग में
49. 'सेरेब्रल पाल्सी' एक मस्तिष्क सम्बन्धी विकार है जो सामान्यतया पाया जाता है:
   (a) वृद्धों में (b) ड्रग नशेड़ियों में
   (c) छोटे बच्चों में (d) केवल महिलाओं में
50. कुछ समुद्रीय जन्तु एवं कीट अंधेरे में अपने शरीर से प्रकाश उत्पन्न करते हैं। इस परिघटना को कहते हैं
   (a) फॉस्फोरेसेन्स (b) बायोल्युमिनिसेन्स
   (c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं
51. स्त्रियों में रजोनिवृत्ति के पश्चात् निम्न में से किस हार्मोन का उत्पादन समाप्त हो जाता है?
   (a) प्रोजेस्टेरोन (b) टेस्टेस्टेरोन
   (c) एस्ट्रोजेन (d) इनमें से कोई नहीं
52. जैव-विविधता का अर्थ है:
   (a) विभिन्न प्रकार के पादप एवं वनस्पति
   (b) विभिन्न प्रकार के जन्तु
   (c) एक निर्धारित क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पादप एवं जन्तु
   (d) विभिन्न प्रकार के विदेशागत पादप एवं जन्तु

Drishti IAS

53. कोरोनरी-धमनी बाई-पास सर्जरी में जो रक्तवाहिका ग्राफ्ट हेतु प्रयोग में लायी जाती है, वह होती है
(a) पाँव से ली गई शिरा
(b) अग्र हस्त से ली गई धमनी
(c) सीने/छाती के वक्षस्थान से ली गई धमनी
(d) इनमें से कोई भी

54. बायोलॉजिकल रीसर्फेसिंग एक आधुनिक शल्य तकनीक है, जिसके द्वारा उपचार करते हैं:
(a) घुटने के जोड़ों का
(b) एड़ी के जोड़ों का
(c) नितम्ब जोड़ों का
(d) कशेरुकी जोड़ों का

55. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. विटामिन $बी_{12}$ | 1. मैग्नीशियम |
| B. हीमोग्लोबिन | 2. कोबाल्ट |
| C. क्लोरोफिल | 3. ताँबा |
| D. पीतल | 4. लोहा |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

56. किसी व्यक्ति का पूरा प्रतिबिंब देखने के लिए एक समतल दर्पण की न्यूनतम ऊँचाई होती है:
(a) व्यक्ति की ऊँचाई के बराबर
(b) व्यक्ति की ऊँचाई की आधी
(c) व्यक्ति की ऊँचाई का एक-चौथाई
(d) व्यक्ति की ऊँचाई की दुगुनी

57. होमी भाभा पुरस्कार निम्न में से किस क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए दिया जाता है?
(a) सैद्धान्तिक भौतिकी (b) नाभिकीय ऊर्जा
(c) लेजर भौतिकी (d) अंतरिक्ष अनुसंधान

58. ध्वनि तरंगें नहीं चल सकती हैं
(a) ठोस में (b) द्रवों में
(c) गैसों में (d) निर्वात में

59. निम्नलिखित में से कौन एक विस्फोटक पदार्थ नहीं है?
(a) ट्राइनाइट्रो टॉलुइन
(b) डाई-नाइट्रो ग्लीसरीन
(c) साइक्लो-ट्राइमेथिलीन ट्राइनाइट्रामीन
(d) नाइट्रोक्लोरोफार्म

60. एक कृत्रिम उपग्रह में विद्युत ऊर्जा का स्रोत क्या होता है?
(a) थर्मोपाइल (b) सौर सेल
(c) डायनमो (d) लघु नाभिकीय रियक्टर

61. निम्नलिखित में से किसने भारतीय रिज़र्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के पद से मार्च, 2014 में त्यागपत्र दिया था?
(a) अरविन्द सक्सेना
(b) के.सी. चक्रबर्ती
(c) सी. आर. नीलकन्ठन
(d) अमिताभ कान्त

62. निम्नलिखित में से किसने मार्च, 2014 में विश्व महिला स्क्वाश चैम्पियनशिप जीती?
(a) लौरा मस्सारो (b) नूर अल शेरबीनी
(c) सन्नी सिद्धू (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. निम्नलिखित राज्यों में से किसने 13 फरवरी, 2014 को लगातार छठवीं बार शून्य घाटे का बजट (ज़ीरो डेफिसिट बजट) प्रस्तुत किया?
(a) बिहार (b) ओडिशा
(c) जम्मू तथा कश्मीर (d) मध्य प्रदेश

64. निम्नलिखित में से किस एक राज्य ने मार्च, 2014 में अन्नश्री योजना का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम में विलय करने का निर्णय लिया?
(a) मध्य प्रदेश (b) पश्चिम बंगाल
(c) दिल्ली (d) बिहार

65. एक सौ एकवें भारतीय साइंस काँग्रेस का आयोजन 3 और 7 फरवरी, 2014 के बीच हुआ:
(a) हैदराबाद में (b) नई दिल्ली में
(c) पटना में (d) जम्मू में

66. निम्न में से किन तीन राज्यों की विधान सभाओं के चुनाव लोक सभा चुनाव, 2014 के साथ-साथ सम्पन्न हुए?
(a) आंध्र प्रदेश, ओडिशा तथा नागालैण्ड
(b) छत्तीसगढ़, सिक्किम तथा ओडिशा
(c) आंध्र प्रदेश, ओडिशा तथा सिक्किम
(d) मेघालय, मिज़ोरम तथा सिक्किम

67. फरवरी, 2014 में देश के प्रथम पोस्ट ऑफिस सेविंग्स बैंक ए. टी. एम. का उद्घाटन हुआ
(a) मुम्बई में (b) कोलकाता में
(c) चेन्नई में (d) अहमदाबाद में

68. 'नरेन्द्र मोदी - दी मैन, दी टाइम्स' पुस्तक लिखी गई है:
(a) डॉ. अजय शर्मा द्वारा
(b) प्रोफेसर चमनलाल द्वारा
(c) किंगशुक नाग द्वारा
(d) नीलान्जन मुखोपाध्याय द्वारा

69. निम्नलिखित में से कौन एक अन्तरिम रेल बजट, 2014–15 की विशेषताओं में नहीं था?
   (a) यात्रियों के किराये और माल भाड़े में कोई परिवर्तन नहीं।
   (b) 72 नई ट्रेनें आरम्भ की जायेंगी जिसमें प्रीमियम ट्रेनें, एक्सप्रेस ट्रेनें और पैसेन्जर ट्रेनें सम्मिलित होंगी।
   (c) अरुणाचल प्रदेश की राजधानी शीघ्र रेल मानचित्र पर होगी।
   (d) उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश की सरकारों ने अपने से सम्बन्धित क्षेत्रों में अनेक रेल परियोजनाओं की कीमतों में हिस्सा बँटाने में सहमति व्यक्त की।

70. विश्व आर्थिक मंच का चौवालीसवाँ वार्षिक अधिवेशन जो 22 जनवरी और 25 जनवरी, 2014 के बीच स्विट्ज़रलैण्ड के दावोस में आयोजित हुआ था, का विषय था:
   (a) दी रीशेपिंग ऑफ दी वर्ल्ड–कान्सीक्वेन्स फॉर सोसाइटी, पॉलिटिक्स एण्ड बिजनेस
   (b) सोसाइटी, पॉलिटिक्स एण्ड बिजनेस
   (c) दी वर्ल्ड पॉलिटिक्स एण्ड बिजनेस
   (d) सोसाइटी एण्ड बिजनेस

71. दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2014 के विजेता गुलजार का वास्तविक नाम है
   (a) सम्पूर्ण सिंह कालरा
   (b) सदानन्द सिंह कालिया
   (c) सुरजीत सिंह कोहली
   (d) प्रबोध चन्द्र भाटिया

72. निम्नलिखित में से भारत की किस एक जनजाति ने लोक सभा चुनाव, 2014 में पहली बार मतदान किया?
   (a) शोम्पेन्   (b) जारवा
   (c) ओंगे   (d) अण्डमानीज़

73. आई. एस. आई. एस. जिसने जून, 2014 में 1700 इराकी सैनिकों को मौत के घाट उतार देने का दावा किया, का पूरा नाम (फुल फॉर्म) क्या है?
   (a) इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एण्ड सीरिया
   (b) इस्लामिक सिक्योरिटी फॉर इस्लामिक सोसाइटी
   (c) इन्टरनेशनल सिक्योरिटी ऑफ इस्लामिक सोसाइटी
   (d) इस्लामिक स्टेट फॉर ईरान एण्ड सऊदी अरब

74. बोको हराम जो हाल में (मई/ जून, 2014) नाइजीरिया के सन्दर्भ में समाचारों में था, है
   (a) एक पाषाणकालीन चित्रकला
   (b) प्रगतिशील कृषकों का एक समूह
   (c) एक सक्रिय ज्वालामुखी
   (d) एक आतंकी संगठन

75. जून, 2014 में भारतीय नौ–सेना में औपचारिक तौर पर सम्मिलित किया गया विशालतम युद्धपोत है:
   (a) आई. एन. एस. विक्रमादित्य
   (b) आई. एन. एस. पृथ्वीराज
   (c) आई. एन. एस. राजेन्द्र
   (d) आई. एन. एस. अशोक

76. निम्न देशों में से किसने महिला हॉकी विश्वकप, 2014 जीता ?
   (a) ऑस्ट्रेलिया   (b) दक्षिण कोरिया
   (c) नीदरलैण्ड्स   (d) भारत

77. सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन एक असत्य है?
   (a) डॉ. मनमोहन सिंह ने सातवें वेतन आयोग के गठन का अनुमोदन 4 फरवरी, 2014 को किया।
   (b) अशोक कुमार माथुर आयोग के चेयरमैन नियुक्त किये गये हैं।
   (c) तीन वर्षों में आयोग अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आदेशित है।
   (d) 1 जनवरी, 2016 से आयोग की संस्तुतियाँ लागू होंगी।

78. आई. पी. एल., 2014 के सातवें सीज़न का फाइनल मैच निम्नलिखित शहरों में से कहाँ खेला गया?
   (a) बंगलुरू   (b) हैदराबाद
   (c) मुम्बई   (d) कोलकाता

79. फीफा विश्व कप, 2014 में कितने देशों ने भाग लिया?
   (a) 32   (b) 30
   (c) 28   (d) 26

80. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सरकारी तौर पर दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र को कब पोलियो मुक्त घोषित किया?
   (a) 27 मार्च, 2014 को   (b) 28 मार्च, 2014 को
   (c) 29 मार्च, 2014 को   (d) 30 मार्च, 2014 को

81. पाकिस्तानी आतंकवादी - अब्दुल वालिद और फहीम जिन्हें 27 मार्च, 2014 को गोरखपुर में गिरफ्तार किया गया था, उनके गोरखपुर पहुँचने का मार्ग था:
   (a) कराची, काठमांडू, गोरखपुर
   (b) कराची, लखनऊ, गोरखपुर
   (c) कराची, नई दिल्ली, गोरखपुर
   (d) कराची, मुंबई, लखनऊ, गोरखपुर

82. 23 जनवरी, 2014 को मोरोक्को की पार्लियामेण्ट द्वारा दण्ड संहिता के एक अनुच्छेद में किये गये संशोधन के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सत्य है?
   (a) अल्पवयस्क लड़की के बलात्कारी को ट्रायल (मुकदमे) से बचने के लिए उसके साथ विवाह करना चाहिए।

Drishti IAS

(b) अल्पवयस्क लड़की के बलात्कारी को केवल मुकदमा लड़ना चाहिए।

(c) बलात्कारी को अल्पवयस्क लड़की से विवाह करना चाहिए और मुकदमा भी लड़ना चाहिए।

(d) बलात्कारी को अल्पवयस्क लड़की के माँ-बाप को लड़की के सतीत्व को पुनर्जीवित करने हेतु धन देना चाहिए।

83. कनिष्क के सारनाथ बौद्ध प्रतिमा अभिलेख की तिथि क्या है?

(a) 78 ई. सन्    (b) 81 ई. सन्

(c) 98 ई. सन्    (d) 121 ई. सन्

84. लंदन स्थित मानवाधिकार संगठन द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार निम्नलिखित देशों में से कौन एक विश्व का सर्वाधिक फाँसी देने वाला देश है?

(a) ईरान    (b) इराक

(c) चीन    (d) पाकिस्तान

85. निम्न में से किसे सोलहवीं लोक सभा हेतु कार्यकारी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किया गया था?

(a) मुरली मनोहर जोशी    (b) कमल नाथ

(c) लालकृष्ण आडवाणी    (d) मल्लिकार्जुन खड़गे

86. औरंगज़ेब ने किसको 'साहिबात-उज़-ज़मानी' की उपाधि प्रदान की?

(a) शायस्ता खान    (b) अमीन खान

(c) जहाँ आरा    (d) रोशन आरा

87. 1306 ई. सन् के बाद अलाउद्दीन खिलजी के समय में दिल्ली के सुलतान तथा मंगोलों के बीच सीमा क्या थी?

(a) ब्यास    (b) रावी

(c) सिन्धु    (d) सतलज

88. कौन सूफ़ी सन्त 'महबूब-ए-इलाही' कहलाता था?

(a) ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती

(b) बाबा फरीद

(c) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी

(d) शेख निज़ामुद्दीन औलिया

89. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती किसके शिष्य थे?

(a) ख्वाजा अब्दाल चिश्ती

(b) शाह वली उल्लाह

(c) मीर दर्द

(d) ख्वाजा उस्मान हरूनी

90. बंगाल के विभाजन के समय, बंगाल का लेफ्टिनेंट गवर्नर था :

(a) सर एन्ड्रूज फ्रेजर    (b) एच. एच. रिजले

(c) ब्रोड्रिक    (d) ए. टी. एरुन्डेल

91. ब्रिटिश पत्रकार एच. डब्ल्यू. नेविन्सन जुड़े थे

(a) असहयोग आंदोलन से

(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन से

(c) स्वदेशी आंदोलन से

(d) भारत छोड़ो आंदोलन से

92. अबुल फजल द्वारा 'अकबरनामा' पूरा किया गया था

(a) सात वर्षों में    (b) आठ वर्षों में

(c) नौ वर्षों में    (d) दस वर्षों में

93. बिना बेगार के किसने सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार कराया?

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य    (b) बिन्दुसार

(c) अशोक    (d) रुद्रदामन प्रथम

94. 'दस्तार बन्दान' कौन कहलाते थे?

(a) सूफ़ी सन्त    (b) खान

(c) मलिक    (d) उलेमा

95. जलियाँवाला बाग नरसंहार पर काँग्रेस जाँच समिति की रिपोर्ट के प्रारूप लिखने का कार्य सौंपा गया था :

(a) जवाहरलाल नेहरू को    (b) महात्मा गांधी को

(c) सी. आर. दास को    (d) फज़लुल हक को

96. महात्मा गांधी के साथ निम्न मुसलमानों में से किसने बाल गंगाधर तिलक की अर्थी उठायी थी?

(a) शौकत अली    (b) मोहम्मद अली

(c) मौलाना ए. के. आज़ाद    (d) एम. ए. अन्सारी

97. 'इंडियन ओपीनियन' पत्रिका के प्रथम सम्पादक थे

(a) एम. के. गांधी    (b) अलबर्ट वेस्ट

(c) महादेव देसाई    (d) मनसुखलाल नज़र

98. दादाभाई नौरोजी के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन असत्य है?

(a) वह पहले भारतीय थे जो एलफिन्स्टन कॉलेज, बम्बई में गणित एवं भौतिकी के प्रोफेसर नियुक्त हुए थे।

(b) 1892 में उन्हें ब्रिटिश पार्लियामेन्ट का एक सदस्य निर्वाचित किया गया था।

(c) उन्होंने एक गुजराती पत्रिका, 'रस्ट गोफ्तार' का आरम्भ किया था।

(d) उन्होंने चार बार भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की अध्यक्षता की थी।

99. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अंतिम अधिवेशन जिसमें बाल गंगाधर तिलक ने भाग लिया, था

(a) कलकत्ता अधिवेशन, 1996

(b) सूरत अधिवेशन, 1907

(c) कलकत्ता अधिवेशन, 1917

(d) अमृतसर अधिवेशन, 1919

100. महात्मा गांधी ने अपनी निम्न पुस्तकों में से किसमें ब्रिटिश पार्लियामेन्ट को बाँझ और वेश्या कहा है?
   (a) सर्वोदय अथवा यूनिवर्सल डॉन
   (b) एन ऑटोबायोग्राफी ऑर दी स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरिमेन्ट विथ ट्रूथ
   (c) हिन्द स्वराज
   (d) दी स्टोरी ऑफ ए सत्याग्रही

101. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से सम्बन्धित निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए और नीचे दिये गये कूट से घटनाओं का सही कालानुक्रम पता कीजिए:
   1.बी.जी. तिलक का निधन
   2.एक अधिनियम के रूप में रौलेट विधेयक का पास होना
   3.जलियाँवाला बाग नरसंहार
   4.भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अमृतसर अधिवेशन, 1919
   कूट:
   (a) 2,3,4,1 (b) 4,3,2,1
   (c) 3,4,2,1 (d) 1,2,3,4

102. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
   (a) एस.सी.बोस : इंडियन स्ट्रगल
   (b) दादाभाई नौरोजी : पॉवर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया
   (c) राजेन्द्र प्रसाद : इंडिया डिवाइडेड
   (d) फ्रैंक मोरेस : इंडिया फ्रॉम कर्ज़न टू नेहरू एण्ड आफ्टर

103. बी.जी. तिलक के सजा के पश्चात निम्नलिखित में से किसने दया की वकालत की थी और कहा था:
   "संस्कृत के एक विद्वान के रूप में तिलक में मेरी दिलचस्पी है।"?
   (a) रवीन्द्रनाथ टैगोर (b) मैक्स मुलर
   (c) बिपिनचन्द्र पाल (d) विलियम जोन्स

104. काँग्रेस के मंच से भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के किस अधिवेशन में प्रथम बार 'स्वराज' शब्द व्यक्त किया गया था?
   (a) बनारस अधिवेशन, 1905
   (b) कलकत्ता अधिवेशन, 1906
   (c) सूरत अधिवेशन, 1907
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

105. 'दी मैन हू डिवाइडेड इंडिया' पुस्तक के लेखक थे
   (a) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
   (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (c) रफीक ज़कारिया
   (d) लैरी कॉलिन्स और डोमीनिक लापियेरे

106. अपनी फाँसी से पूर्व निम्नलिखित क्रान्तिकारियों में से किस एक ने पीने हेतु दिये गये दूध को अस्वीकार कर दिया और कहा,
   "अब मैं केवल अपनी माँ का दूध लूँगा ।"?
   (a) राजगुरु (b) अशफाकुल्ला
   (c) रामप्रसाद बिस्मिल (d) भगत सिंह

107. निम्नलिखित में से किसने गांधी-इर्विन समझौते में महात्मा गांधी के लाभ को 'सांत्वना पुरस्कार' कहा था?
   (a) एस. सी. बोस (b) एलन कैम्पबेल जॉनसन
   (c) बी. जी. हार्निमन (d) सरोजिनी नायडू

108. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. विनोबा भावे | 1. होम रूल आंदोलन |
| B. बी. जी. तिलक | 2. वैयक्तिक सत्याग्रह |
| C. अरुणा आसफ अली | 3. धरसना रेड |
| D. सरोजिनी नायडू | 4. भारत छोड़ो आंदोलन |

   कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

109. काकोरी केस के अभियुक्तों के बचाव हेतु किसकी अध्यक्षता में एक समिति का गठन हुआ था?
   (a) आचार्य नरेन्द्र देव (b) गोबिन्द बल्लभ पंत
   (c) चन्द्रभानु गुप्त (d) मोतीलाल नेहरू

110. भारतीय स्वाधीनता विधेयक को राजकीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी
   (a) 18 जुलाई, 1947 को (b) 19 जुलाई, 1947 को
   (c) 20 जुलाई, 1947 को (d) 21 जुलाई, 1947 को

111. निम्नलिखित में से किसने भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के कराची अधिवेशन (1931) को 'महात्मा गांधी की लोकप्रियता और सम्मान की पराकाष्ठा' माना है?
   (a) एस. सी. बोस
   (b) पट्टाभि सीतारमैय्या
   (c) सरदार वल्लभभाई पटेल
   (d) सरदार किशन सिंह

112. निम्नलिखित में से किसने 1947 के काँग्रेस कमेटी की बैठक द्वारा विभाजनके प्रस्ताव के पारित होने को 'राष्ट्रवाद का सम्प्रदायवाद के पक्ष में समर्पण' के रूप में लिया?
   (a) डॉ. किचलू (b) पुरुषोत्तम दास टंडन
   (c) जवाहरलाल नेहरू (d) जी.बी. पन्त

Drishti IAS

113. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए:

| सूची-I (जनजाति) | सूची-II (क्षेत्र) |
|---|---|
| A. बीरहोर | 1. अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह |
| B. भूटिया | 2. तमिलनाडु |
| C. टोडा | 3. सिक्किम |
| D. सेण्टिनेलीज | 4. झारखण्ड |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

114. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?
(a) भगत सिंह : दी इंडियन सोशियोलोजिस्ट
(b) सचीन्द्रनाथ सान्याल : बंदी जीवन
(c) लाला रामसरन दास : दी ड्रीमलैण्ड
(d) भगवती चरण वोहरा : दी फिलॉसफी ऑफ बम

115. नई दिल्ली में 1947 में आयोजित अखिल भारतीय कॉंग्रेस समिति की बैठक में निम्नलिखित में से किसने विभाजन के प्रस्ताव का समर्थन किया था?
(a) गोबिन्द बल्लभ पन्त
(b) सरदार वल्लभभाई पटेल
(c) जे. बी. कृपलानी
(d) अबुल कलाम आज़ाद

116. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए:

| सूची-I (पार्क तथा वन्यजीव अभयारण्य) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| A. डोचीगाम वन्यजीव अभयारण्य | 1. मध्य प्रदेश |
| B. केवलादेव घाना पक्षी अभयारण्य | 2. राजस्थान |
| C. कान्हा राष्ट्रीय पार्क | 3. केरल |
| D. पेरियार वन्यजीव अभयारण्य | 4. जम्मू एवं कश्मीर |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

117. विश्व में निम्नलिखित देशों का कुल रेलवे लम्बाई की दृष्टि से सही अवरोही क्रम है:
(a) कनाडा, जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत
(b) जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, भारत
(c) भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, कनाडा
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, भारत, जर्मनी

118. निम्नलिखित में से कौन एक व्यस्ततम सामुद्रिक व्यापार मार्ग है?
(a) केप ऑफ गुड होप (b) पनामा नहर
(c) स्वेज नहर (d) उत्तरी अटलांटिक

119. इण्टरनेशनल क्रॉप रिसर्च इन्स्टीट्यूट फॉर सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (आई सी आर आई एस ए टी) स्थित है :
(a) कोलकाता में (b) पटना में
(c) भुवनेश्वर में (d) हैदराबाद में

120. **कथन (A) :** भारत के पश्चिमी घाट की नदियाँ डेल्टा का निर्माण नहीं करतीं।
**कारण (R) :** वे छोटे प्रवाह क्षेत्रों एवं अपेक्षाकृत कठोर चट्टानों पर प्रवाहित होती हैं।
नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:
कूट:
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

121. रैडक्लिफ लाइन सीमा निर्धारित करती है
(a) उत्तर कोरिया एवं दक्षिण कोरिया के बीच
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा के बीच
(c) भारत एवं पाकिस्तान के बीच
(d) भारत एवं चीन के बीच

122. निम्नलिखित में से कौन एक दक्षिण एशिया का सर्वाधिक नगरीकृत देश है?
(a) भारत (b) भूटान
(c) श्रीलंका (d) पाकिस्तान

123. 2011 में निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में उच्चतम लिंगानुपात है?
(a) तमिलनाडु (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) ओडिशा

124. गन्ना उत्पादन, 2013 में राज्यों का सही अवरोही क्रम है
(a) कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश
(b) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा
(c) हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश
(d) उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा

Drishti IAS

125. 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश के किस जिले में जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है?
(a) वाराणसी (b) लखनऊ
(c) गाज़ियाबाद (d) कानपुर नगर

126. राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 जोड़ता है:
(a) इलाहाबाद - हल्दिया
(b) सदिया - धुबरी
(c) कोल्लम - कोट्टापुरम
(d) काकीनाडा - पुडुचेरी

127. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. विली-विली | 1. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| B. हरिकेन | 2. ऑस्ट्रेलिया |
| C. टाइफून | 3. फिलिपीन्स |
| D. बागियो | 4. चीन |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

128. निम्नलिखित में से कौन एक देश बहुत महत्त्वपूर्ण यूरेनियम अयस्क निक्षेप के लिए जाना जाता है?
(a) कनाडा (b) चीन
(c) पाकिस्तान (d) जैरे

129. जापान लगभग आत्मनिर्भर है
(a) बॉक्साइट में (b) लौह अयस्क में
(c) ताँबा में (d) खनिज तेल में

130. दक्षिण भारत की नदियाँ प्रमुख रूप से निम्न में से कौन सा अपवाह तंत्र रखती हैं ?
(a) अरीय (b) खण्डित
(c) वृक्षनुमा (d) जालीदार

131. निर्वाचन आयुक्त हटाया जा सकता है:
(a) मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा
(b) प्रधानमंत्री द्वारा
(c) मुख्य निर्वाचन आयुक्त के परामर्श पर राष्ट्रपति द्वारा
(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

132. सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना पद त्याग सकता है, पत्र लिखकर:
(a) मुख्य न्यायाधीश को (b) राष्ट्रपति को
(c) प्रधानमंत्री को (d) विधि मंत्री को

133. निम्नलिखित में से राज्य-सभा के विषय में कौन सही है?
1. यह भंग नहीं की जा सकती है
2. इसका कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है
3. प्रत्येक दो वर्ष बाद इसके एक तिहाई सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है।
4. इसके सदस्य 25 वर्ष से कम आयु के नहीं होंगे।
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन करें:
कूट:
(a) 1,2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1 और 3 (d) 2 और 4

134. भारत के संसद में होते हैं:
(i) राष्ट्रपति (ii) राज्य सभा
(iii) लोक सभा (iv) उपराष्ट्रपति
नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए:
कूट:
(a) (i), (ii) और (iii)
(b) (ii) और (iii)
(c) (ii), (iii) और (iv)
(d) (i), (ii), (iii) और (iv)

135. भारत की जनगणना (2011) के अनुसार निम्नलिखित राज्यों में से किसमें शिशु जनसंख्या का प्रतिशत भाग ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम है?
(a) जम्मू एवं कश्मीर में (b) केरल में
(c) पंजाब में (d) हरियाणा में

136. निम्न में से कौन से शीतोष्ण घास के मैदान यूरेशिया में पाये जाते हैं?
(a) डाउन्स (b) वेल्डस
(c) स्टेपीज (d) प्रेयरीज

137. केन्द्र सरकार तथा राज्यों के मध्य आर्थिक सम्बंधों की विवेचना की गयी है:
(a) अनुच्छेद 168–171 के अन्तर्गत
(b) अनुच्छेद 268–281 के अन्तर्गत
(c) अनुच्छेद 278–291 के अन्तर्गत
(d) अनुच्छेद 289–295 के अन्तर्गत

138. संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार थे
(a) सच्चिदानन्द सिन्हा (b) के. एम. मुंशी
(c) बी. एन. राव (d) टी.टी. कृष्णामाचारी

139. निम्नलिखित में से कौन संविधान प्रारूप समिति के सदस्य थे?
(i) एन. गोपालास्वामी
(ii) जवाहरलाल नेहरू
(iii) अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर
(iv) सरदार पटेल

Drishti IAS

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूटः

(a) (i), (iii) और (iv)

(b) (i) और (iv)

(c) (i) और (iii)

(d) (ii), (iii) और (iv)

140. निम्नलिखित में से कौन एक संवैधानिक संस्था नहीं है?

(a) वित्त आयोग (b) योजना आयोग

(c) लोक सेवा आयोग (d) चुनाव आयोग

141. भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के लिए कम से कम कितने दिन पूर्व की सूचना आवश्यक है?

(a) 7 दिन (b) 14 दिन

(c) 21 दिन (d) 30 दिन

142. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन एक राज्य सरकार को ग्राम पंचायतों को संगठित करने के लिए निर्देशित करता है?

(a) अनुच्छेद 32 (b) अनुच्छेद 40

(c) अनुच्छेद 48 (d) अनुच्छेद 51

143. भारतीय संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष को कौन मनोनीत करता है?

(a) लोक सभा का अध्यक्ष (b) प्रधानमंत्री

(c) राष्ट्रपति (d) राज्य सभा के सभापति

144. निम्नलिखित में से कौन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करेगा?

(a) राष्ट्रपति

(b) प्रधानमंत्री

(c) राज्य सभा का सभापति

(d) लोक सभा का अध्यक्ष

145. भारत का सबसे बड़ा संघ राज्य है:

(a) दमन और दीव (b) पुडुचेरी

(c) दिल्ली (d) चण्डीगढ़

146. निम्नलिखित में से किस वाद, में भारतीय संविधान के 'मूलभूत ढाँचे' की अवधारणा प्रतिपादित की गयी थी?

(a) इन्द्रा साहनी वाद

(b) शंकरी प्रसाद का वाद

(c) रुदल शाह का वाद

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

147. किसी राजनीतिक दल को क्षेत्रीय दल के रूप में मान्यता दी जाती है, यदि

(a) वह राज्य में या तो लोक सभा अथवा विधान सभा चुनाव में 4% वोट प्राप्त करता है।

(b) वह राज्य में या तो लोक सभा अथवा विधान सभा चुनाव में 6% वोट प्राप्त करता है।

(c) वह राज्य में या तो लोक सभा अथवा विधान सभा चुनाव में 8% वोट प्राप्त करता है।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

148. भारत में निम्नलिखित राज्यों के बनाने के सही कालानुक्रम की पहचान नीचे दिये गये कूट से कीजिए:

1. आंध्र प्रदेश 2. हिमाचल प्रदेश

3. हरियाणा 4. सिक्किम

**कूटः**

(a) 1,2,3,4 (b) 1,3,2,4

(c) 4,3,1,2 (d) 3,4,1,2

149. राष्ट्रपति आंग्ल-भारतीय समुदाय से कितने सदस्यों को नामित कर सकता है, यदि वह इस राय का है कि लोक सभा में इस समुदाय का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है?

(a) 3 (b) 5

(c) 1 (d) 2

150. निम्नलिखित में से कौन सी एक समिति पंचायती राज संस्था से सम्बन्धित नहीं है?

(a) पी.वी.एन. राव समिति

(b) एल.एम. सिंघवी समिति

(c) अशोक मेहता समिति

(d) बलवन्त राय मेहता समिति

Drishti IAS